भिण्ड में नदी का प्रकोप

चम्बल 3 मीटर ऊपर, सिंध ने बढ़ाई चिंता

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 26 अगस्त। ग्वालियर-चंबल अंचल में लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। अटेर में चंबल नदी की रफ्तार पिछले चौबीस घंटे से थमी हुई है। पानी न बढ़ा और न उतरा, जिससे फिलहाल राहत की सांस तो है, लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है।

चंबल का हाल : शनिवार शाम से चंबल का जलस्तर लगातार बढ़ा और रविवार सुबह तक पानी अटेर किले तक पहुंच गया। मुकुटपुरा, नवली, वृंदावन समेत पांच गांवों का रास्ता कट गया था। सोमवार को राहत की स्थिति बनी और नवली व वृंदावन गांव का रास्ता खुल गया, जबकि मुकुटपुरा की पुलिया अब भी पानी में डूबी है। जलसंसाधन विभाग का कहना है कि जल्द ही पानी उतरने लगेगा। फिलहाल चंबल खतरे के निशान से तीन मीटर ऊपर बह रही है।

पानी छोड़ने से बढ़ी मुश्किल : ग्वालियर के बरई-भितरवार क्षेत्र में तेज बारिश से तिघरा डेम का जलस्तर बढ़ गया। गेट खोलने के बाद तिघरा का पानी सांक नदी में छोड़ा गया और आगे जाकर आसन नदी में मिल गया। इससे पिलुआ डैम का जलस्तर भी बढ़ा और पानी छोड़े जाने से क्वारी और सिंध में उफान आ गया।

> **प्रशासन का दावा, अब खतरा कम**
>
> जलसंसाधन विभाग के ईई आर .एन . शर्मा ने बताया कि पिलुआ डैम से छोड़े गए पानी की वजह से नदियों का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन अब जल्द ही चंबल और सिंध का पानी उतरना शुरू हो जाएगा। वहीं अटेर तहसीलदार राजकुमार इम्लहे ने कहा कि मुकुटपुरा गांव का रास्ता अब खुल गया है और आवागमन शुरू हो गया है। चंबल का पानी भी धीरे-धीरे उतर रहा है। फिलहाल बड़ा खतरा टल चुका है।

लोक सेवा केंद्र संचालक को नोटिस

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 26 अगस्त। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत संचालित लोक सेवा केंद्रों की पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय ने लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी से अनुबंधित ऑपरेटर जय बिल्डर्स, संचालक लोक सेवा केंद्र मिहोना को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि संचालक द्वारा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन और जारी आदेशों की अवहेलना की गई है। नोटिस में 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

शिकायतों के बाद हुआ औचक निरीक्षण : कलेक्टर भिंड के निर्देशानुसार दिनांक 12 अगस्त 2025 को कण्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायत के आधार पर औचक निरीक्षण किया गया। शिकायत में आरोप था कि आधार सेवा के लिए प्रत्येक आवेदन पर 300 रुपये वसूले जा रहे हैं। जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इनमें नियमित महिला कर्मचारी की अनुपस्थिति, बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम का सही संचालन न होना, स्टाफ का ड्रेस कोड और आईडी कार्ड न होना, सीसीटीवी डीवीआर खराब होना, शासन निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलना, और सैकड़ों लंबित आवेदनों को कार्यालय में जमा न करना शामिल है।

यह पहली बार नहीं है जब इस केंद्र के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। 19 मई 2025 को सीएम हेल्पलाइन शिकायत के आधार पर 15,000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया था। इसके बाद भी कई बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए।

नेता प्रतिपक्ष राहुल सिंह राजावत की मां का निधन

भिंड, 26 अगस्त। नगर पालिका परिषद भिंड के नेता प्रतिपक्ष राहुल सिंह राजावत की माता एवं शहर के ठेकेदार कन्हाई सिंह राजावत की धर्मपत्नी सूर्यमुखी देवी (70) का शनिवार को निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, सूर्यमुखी देवी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से शहर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा राजावत परिवार के निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं रिश्तेदार शामिल हुए। मुखाग्नि उनके पति कन्हाई सिंह राजावत ने दी। अंतिम संस्कार में विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, नगर पालिका परिषद के सदस्य, व्यापारी, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने राजावत परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

जिपं सीईओ ने लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 26 अगस्त। जिले की जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुनील दुबे ने विभिन्न अंचलों से आए 138 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर राजन बी नाडिया भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए।

मोहानपुरा के अनिल को जनसुनवाई में ही मिली ट्राईसाइकिल : जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों में से एक विशेष मामला ग्राम मोहनपुरा, मेहगांव के निवासी अनिल पुत्र कमल सिंह का रहा। अनिल ने ट्राईसाइकिल दिलाने की मांग का आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर सीईओ जिला पंचायत सुनील दुबे ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया और मौके पर ही अनिल को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई। यह पहल जनसुनवाई की प्रभावशीलता और त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण साबित हुई।

इन मुद्दों पर दिए गए निर्देश : जनसुनवाई के दौरान गंभीर बीमारी के इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैंडपंपों के संधारण, पेंशन संबंधी आवेदन, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं जमीन पर कब्जा जैसे विभिन्न विषयों पर बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर ने इन सभी मामलों में संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई कर आवेदकों को जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आवेदकों को कार्यवाही की स्थिति से समय पर अवगत कराया जाए।

> **जनहित को प्राथमिकता देने पर जोर**
>
> अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए सभी विभाग प्रमुख समयबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित करें।

एक नजर में

सौरव दुबे बने भोपाल के रेंज फॉरेस्ट ऑफीसर

गोहद, 26 अगस्त। गोहद नगर वार्ड क्रमांक 5 जेल रोड निवासी सौरभ दुबे को कुंदन अकादमी सांगली महाराष्ट्र में सफल प्रशिक्षण उपरांत भोपाल क्षेत्र में रेंज फॉरेस्ट ऑफीसर (आर एफ ओ) नियुक्त किए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई संप्रेषित की है। ज्ञात हो सौरव दुबे ने मध्य प्रदेश रेंज फॉरेस्ट ऑफीसर परीक्षा में मध्य प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। बधाई देने वालों में खंड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज बीआरसी सी विजय शर्मा प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज प्राचार्य सचिन कंद्यकर प्राचार्य धर्मेंद्र भदोरिया अरविंद बृजभूषण गोस्वामी शर्मा राकेश बिहारी शर्मा राकेश गौर डॉ जागेश्वर भारद्वाज हरिओम उपाध्याय आशीष शर्मा संजय शुक्ला डॉ राजेश बृजपाल तोमर डॉ अनिल शर्मा अंकित पुरोहित।

भिंड में गणेश चतुर्थी और महानवमी पर स्थानीय अवकाश घोषित

भिंड। सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के आदेशानुसार जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित करने का अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदान किया गया है। इसी अधिकार का उपयोग करते हुए कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने वर्ष 2025 के लिए जिले में दो महत्वपूर्ण त्योहारों पर स्थानीय अवकाश की घोषणा की है। कलेक्टर के आदेशानुसार 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी एवं 1 अक्टूबर 2025 बुधवार को दशहरा महानवमी के अवसर पर संपूर्ण जिला भिंड में स्थानीय अवकाश रहेगा।

कोचिंग के समय पर बच्चों के बैगों की सीएसपी ने ली तलाशी

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 26 अगस्त। शहर में पढ़ाई के लिए आने-जाने वाले छात्रों की सुरक्षा को लेकर सिटी कोतवाली पुलिस ने विशेष सख्ती दिखाते हुए बड़ा कदम उठाया है। एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन में तथा अतिरिक्त सीएसपी संजीव पाठक मार्गदर्शन में सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत और टीआई बृजेंद्र सेंगर ने मंगलवार को शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

> **बोले-संदिग्ध गतिविधियों पर रहेगी पैनी नजर**

इस अभियान के तहत सिटी कोतवाली और थाना देहात पुलिस की संयुक्त टीमें गठित की गईं। टीआई बृजेन्द्र सिंह सेंगर और इंचार्ज थाना प्रभारी देहात उपनिरीक्षक अजय यादव के नेतृत्व में पांच अलग-अलग स्थानों पर कोचिंग समय पर चेकिंग लगाई गई।

सैकड़ों छात्रों के बैगों की तलाशी : पुलिस टीमों ने शहर के प्रमुख कोचिंग स्थलों के आस-पास रुक-रुककर छात्रों के बैगों की गहन जांच की। तलाशी के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि छात्रों के बैगों में कोई भी संदिग्ध हथियार, धारदार वस्तु, नशीले पदार्थ या अन्य आपत्तिजनक सामग्री न हो। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाना है।

छात्रों को दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश : चेकिंग के दौरान पुलिस ने छात्रों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए। छात्रों को समझाया गया कि यदि उन्हें आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही यह भी बताया गया कि उनका सहयोग पुलिस के लिए बेहद जरूरी है।

अभियान जारी रहेगा, अभिभावकों से की अपील : सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने कहा कि यह चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा, खासकर कोचिंग समय पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को जागरूक करें और सुनिश्चित करें कि उनके बैग में केवल पढ़ाई से संबंधित सामग्री ही हो।

> **अभियान में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात**
>
> इस विशेष चैकिंग अभियान में सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत, टीआई बृजेन्द्र सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक अजय यादव, उपनिरीक्षक सोहनीश तोमर सहित प्रआर गुरूदास सोही, अनिल शर्मा, नीरज भदौरिया, दिनेश शर्मा, इरशाद अली, आर दीपक राजावत, अभिषेक यादव, सन्दीप राजावत, आनन्द त्रिपाठी, बृजमोहन, रामबरन, प्रशान्त, योगेन्द्र चौहान, गौरव तोमर, विवेक करन, अमन राजावत, दलवीर यादव, धर्मेन्द्र राजपूत, सतेन्द्र यादव, धर्मपाल परिहार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। इसके साथ ही निर्भया मोबाइल टीम भी अभियान में सक्रिय रही।

गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस धूमधाम से मनाया गया

नवभारत न्यूज

मेहगांव, 26 अगस्त। अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के तत्वावधान में नगर परिषद मेहगांव स्थित नाथू बाबा मंदिर पर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस आयोजन की व्यवस्था महंत कालीदास महाराज जी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने बताया कि गुर्जर सम्राट मिहिर भोज का जन्म भादौ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था, जिसे पूरे देशभर में अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका शासनकाल 836 ई. से 885 ई. तक लगभग 49 वर्षों तक रहा, जिसमें प्रजा भयमुक्त और सुखी जीवन व्यतीत करती थी।

उन्होंने कहा कि सम्राट मिहिर भोज के शासन में चोर-डकैतों का नामोनिशान नहीं था। विदेशी व्यापारी भी बिना किसी डर के भारत आकर व्यापार करते थे। उनके कार्यकाल में कई भव्य मंदिरों का निर्माण हुआ, जिनमें ग्वालियर के निकट स्थित बटेश्वर मंदिर समूह और भिण्ड जिले के अटेर क्षेत्र स्थित बोरेश्वर मंदिर प्रमुख हैं।

गौ सेवा में सहयोग प्रदान करने वालों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

मालनपुर, 26 अगस्त। राष्ट्रीय गौ रक्षक के संघ की टीम द्वारा गौ सेवा में बढ़ चढ़कर सहयोग करने वाले लोगों का मालाएं पहनाकर और मुंह मीठा करा कर सम्मान किया गया।

औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित गौ उपचार केंद्र में बढ़-चढ़कर सहयोग करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू भाई और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सैयद रेहान अली जैदी व एमपी हाईवेज बरेठा टोल प्लाजा मैनेजर ओमवीर सिंह भदोरिया एवं शर्मा आदि सभी लोगों का संगठन द्वारा सम्मान किया गया द्य इस अवसर पर राष्ट्रीय को रक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दीपक रजक ने कहा कि समाजसेवी दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू भाई द्वारा लंबे समय से गौ सेवा में आगे आकर सहयोग किया जा रहा है इसी प्रकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी सैयद रेहान अली जैदी द्वारा भी नगर परिषद के माध्यम से काफी सहयोग किया जा रहा है और एमपी हाईवेज बरेठा टोल प्लाजा द्वारा भी गो सेवा में अच्छा सहयोग प्रदान किया जा रहा है जिससे गौ उपचार केंद्र में घायल बीमार निराश्रित गोवंश का उपचार हो पा रहा है और उनके रखरखाव की व्यवस्था हो रही है, इस अवसर संगठन ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपेक्षा की कि आगे भी सहयोग प्रदान करते रहेंगे ,इस अवसर पर सचिन राजपूत, धर्मेंद्र सिंह (छोटू गुर्जर)आशु ठाकुर, लक्ष्मण गौर, आदि गो सेवक मौजूद रहे।

दबोह नगर परिषद में आज हुई पहली जन सुनवाई

नवभारत न्यूज

दबोह, 26 अगस्त। नगर परिषद दबोह में आज मंगलवार को पहली जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर के नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं परिषद अधिकारियों के सामने रखीं।

> **कुल 25 आवेदनों में से 7 का त्वरित निराकरण**

परिषद प्रभारी सीएमओ अतुल रावत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने कुल प्राप्त 25 आवेदनों में से 7 का तत्काल निराकरण किया और बाकी लोगों को गंभीरता से सुनकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों की समस्या का समाधान फिलहाल नहीं हो पाया है, उनका निराकरण अगले जनसुनवाई के पूर्व कर दिया जाएगा। जनसुनवाई में मुख्य रूप से साफ-सफाई, पानी की समस्या, पीएम आवास योजना में गड़बड़ी, आयुष्मान कार्ड, जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन स्वीकृति, खाद्यान पर्ची, पेंशन, नालियों की मरम्मत, हैंडपंप सही करवाने, स्ट्रीट लाइट आदि की शिकायतें सामने आईं। इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को होने वाली इस जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान मौके पर करना है। नगरवासियों ने जनसुनवाई को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनकी आवाज सीधे अधिकारियों तक पहुंच रही है और कई शिकायतों का निवारण तुरंत हो रहा है। सीएमओ रावत द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है। इससे जनता की नजरों में परिषद की सकारात्मक छवि बनेगी। एक आवेदक ने कहा कि यह बहुत अच्छी शुरूआत है । इसमें सारे अधिकारी और कर्मचारी एक स्थान पर बैठे मिले। जिससे हम अपनी समस्या रख सके। और उसकी कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया गया है।

आम सूचना

श्रीमती चंदन श्री पत्नी श्री केदार सिंह कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित लक्ष्मीबाई सदर बाजार, थाना रोड, ग्राम गोरमी, तहसील एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर परिषद भिण्ड वार्ड क्र.12 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1868 ग्राम गोरमी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1350 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-सम्पत्ति श्री राजकुमार सोनी, पश्चिम में-सम्पत्ति श्री भूरे सिंह, उत्तर में-सम्पत्ति श्री कल्याण सिंह एवं दक्षिण में-मैन रोड है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती चंदनश्री पत्नी श्री केदार सिंह कुशवाह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती चंदनश्री द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती रीना देवी पत्नी श्री गिर्राज सिंह कुशवाह के हित में दानपत्र सम्पादित किये जाने हेतु ड्राफ्ट डीड तैयार की गई है एवं रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती रीना देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वितीय संस्थान आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फेडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

जीतू पटवारी का बयान महिलाओं का अपमान : भदौरिया

मेहगांव, 26 अगस्त। श्रीमती ममता भदौरिया पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा नेकहा है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की मातृशक्ति को शराबी कहकर उन्हें अपमानित करने के शर्मनाक बयान की जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए कम है। आज जब देशभर में करोड़ों बहने सात्विक श्रद्धा से निराहार रहकर हरतालिका तीज का व्रत रख रही हैं, ऐसे पावन दिवस मातृशक्ति के ख़िलाफ़ इस तरह के अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि करोड़ों महिलाओं की आस्था का भी घोर अपमान है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार लाड़ली बहनों को सम्मान पूर्वक आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है, इसलिए चिढ़ी कांग्रेस अब बौखलाई हुई है। मातृशक्ति के ख़िलाफ़ अमर्यादित बयान के लिए जीतू पटवारी महिलाओं से माफ़ी मांगें।

गोहद बनेगा काशी : निकलेगी शिव बारात, होगा पार्वती विवाह

नवभारत न्यूज

गोहद, 26 अगस्त। प्राचीन भीमाशंकर महादेव मंदिर परिसर में चल रही शिव महापुराण कथा का तीसरा दिवस आज श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

कथावाचक महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामभूषण दास जी महाराज ने चंचुला देवी की जीवन गाथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कठिनाइयों के बीच भी भक्ति और आस्था कभी डगमगानी नहीं चाहिए। चंचुला देवी ने सत्य और श्रद्धा से जीवन को महकाया और भगवान शिव ने उन्हें दिव्य कृपा से आलोकित किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।

आज के पारीक्षत श्री रमेशचन्द्र अग्रवाल एवं परिवार रहे। उन्होंने शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। व्यासपीठ और पीठो की विधिवत पूजा भी सम्पन्न हुई। आज का दिन हरतालिका तीज पर्व का भी रहा। मंदिर परिसर को फूलों, झालरों और दीपमालाओं से विशेष रूप से सजाया गया। भक्त महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती को अर्पित करने के लिए फुलेरा और दीप जलाए, जिससे पूरा परिसर भक्ति-रस से आलोकित हो गया।

महिलाओं ने व्रत करके पारंपरिक तीज गीत और कथा श्रवण किया। कथा के अनुसार, हरतालिका तीज का व्रत करने वाली महिलाएँ अपने पति के दीर्घायु और वैवाहिक सुख की कामना करती हैं। मंदिर में विशेष झांकी में माता पार्वती की बाल अवस्था, विवाह और गृहस्थ जीवन का दर्शनीय चित्रण किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

आयोजन समिति के अनुसार 27 अगस्त को माता पार्वती का जन्मोत्सव बड़े उत्साह से मनाया जाएगा। विशेष पूजन, भक्ति गीत और धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का हिस्सा रहेंगे। 28 अगस्त को ऐतिहासिक शिव बारात नगर के मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगी। बारात मार्कण्डेश्वर मंदिर से आरम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दुर्ग स्थित फील्ड मैदान पहुँचेगी, जहाँ पर शिव-पार्वती का मंगल विवाह सम्पन्न होगा।